two projects under its Integrated Wastelands Development Project Scheme at a total outlay of Rs. 1.99 crore for development of 2231 hectares of Army Wastelands and two projects under the Grant-in-Aid scheme at a total outlay of Rs 2.75 crores to develop 2904 hectares of Army Wastelands. These projects are located at Nashik, Ahmednagar and Gurgaon.

(c) The project at K.K. Firing ranges, Ahmednagar was approved in the current financial year. Progress will be reported only after the next monsoon.

गुजरात को प्रदान की गई सहायता

2799. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वित्त वर्ष के दौरान जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत गुजरात के प्रत्येक जिले को कितनी-कितनी धनराशि की सहायता प्रदान की गई है;

(ख) क्या प्रत्येक जिले में आबंटित धनराशि का समुचित उपयोग किया गया है;

(ग) क्या गुजरात सरकार ने इस योजना के अन्तर्गत सड़कों और प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण किया है, और

(घ) चालू वित्त वर्ष के दौरान उक्त योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार ने अब तक कितना काम पूरा कर लिया है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में (ग्रामीण विकास विभाग) राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई एच० पटेल) : (क) जानकारी विवरण में दी गयी है। (नीचे देखिए)

(ख) जी, हां।

(ग) जी, हां।

(घ) चालू वर्ष के दौरान राज्य सरकार ने फरवरी, 1995 तक 142.42 लाख श्रमदिनों का रोजगार सृजित करते हुए 8161.85 लाख रुपये के उपयोग की सूचना दी है। दिसम्बर, 1994 तक 1398.68 लाख रुपये की राशि 1382.14 कि०मी० ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए तथा 314.29 लाख रुपये की राशि 606 प्राथमिक स्कूल भवनों के निर्माण के लिए उपयोग की गयी है।

विवरण

जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत गुजरात के विभिन्न जिलों को प्रदान की गई धनराशि

गुजरात (रुपये लाख में)

क्रमांक	जिले का नाम	जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत रिलीज
1	2	3
1.	जामनगर	113.64
2.	राजकोट	159.82
3.	सुरेन्द्रनगर	208.05
4.	भावनगर	181.30
5.	अमरेली	92.81
6.	जूनागढ़	202.00
7.	कच्छ	466.72
8.	बनासकांठा	681.30
9.	सबरकांठा	342.02
10.	मेहसाना	212.10
11.	गांधीनगर	124.34
12.	अहमदाबाद	218.39
13.	खेड़ा	221.78
14.	पंचमहल	1783.31
15.	वड़ोदरा	574.77
16.	भड़ौच	466.74
17.	सूरत	683.27
18.	वलसाड	1018.50
19.	डांग्स	516.79
	कुल:	8268.65